## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन मेस का किया गया औचक निरीक्षण, भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश..




आज दिनांक 07.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम द्वारा प्रातःकाल में पुलिस लाइन अवस्थित मेस का औचक निरीक्षण किया गया ,निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मेस मैन्यू तथा मेस रजिस्टारों का अवलोकन किया गया।

इसी क्रम में भोजनालय की साफ-सफाई, अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया व भोजनालय में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा मैस स्टोर में खाद्य सामग्री के रख रखाव व साफ-सफाई का जायजा लिया गया।




तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वंय भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया तथा वहां मौजूद मेस प्रबंधक से खाने की गुणवत्ता के सम्बन्ध में वार्ता की गयी व मैस प्रबधंक को साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखने के साथ-साथ खाने की गुणवत्ता/शुद्दता में और अधिक सुधार लाने के दिशा-निर्देश दिए गये।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 07.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## एण्टीरोमियो स्क्वाड द्वारा छात्राओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक !!

उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदवार गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज दिनांक 07.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित एण्टीरोमियो दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों एवं ग्रामों में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।

जिसमें मिशनशक्ति के तहत एण्टीरोमियो दल ने बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पावर लाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, महिला सहायता- 181, यूपी 112 साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।









# थाना खरेला पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार द्वारा उ0नि0 शिवकुमार यादव के नेतृत्व में गठित हुयी पुलिस टीम ने अभियान के तहत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. महेश पुत्र शिवपाल विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जिला महोबा केश नं. 333ए/10 अ0सं0 747/10 धारा 323/325/504/506 भा0द0वि0 थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित मां0 सिविल जज जू0डि0 चरखारी से निर्गत वारण्टी अभियुक्त को ग्राम चन्दौली के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी वारण्ट से अवगत कराते हुए मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 शिवकुमार यादव
2. कां0 चन्दन सिंह

## गिरफ्तार अभियुक्त–

महेश पुत्र शिवपाल विश्वकर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा।



## थाना खरेला पुलिस टीम ने अपहृता को सकुशल बरामद करते हुये सम्बन्धित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपहृता/गुमशुदा की बरामदगी हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 07.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार द्वारा उ0नि0 अजीतनारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सर्विलांश के माध्यम से तलाश व सुरागरसी पतारसी करते हुये मु0अ0सं0 90/22 धारा 363 भा0द0वि0 से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को सकुशल बरामद किया जिसे महिला कां0 रीना देवी के संरक्षण में लेकर पीड़िता उपरोक्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु वन स्टाप सेन्टर महोबा भेजा गया व उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त 1. जयमिलन उर्फ मुंशी पुत्र मेवालाल उम्र करीब 19 वर्ष नि0 मु0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा को चरखारी बस स्टैण्ड महोबा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### बरामदगी पीड़िता/ अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाले पुलिस बल का विवरण –

1. उ0नि0 अजीतनारायण त्रिपाठी
2. कां0 शिवकुमार मौर्या 3. महिला कां0 रीना देवी

### बरामद की गयी पीड़िता/अपहृता का विवरण -

काल्पनिक नाम बीना निवासी थाना खरेला जनपद महोबा

### गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरण –

जयमिलन उर्फ मुंशी पुत्र मेवालाल उम्र करीब 19 वर्ष नि0 मु0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा



## आगामी नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत थाना खरेला में ग्राम प्रधान/वार्ड मेम्बर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ आयोजित गोष्ठी में दिये गये आवश्यक निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु जनपदीय पुलिस के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में दिनांक 06.11.2022 को थाना खरेला परिसर में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में तथा थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार व थाना खरेला के मौजूद उपनिरीक्षक व कर्मचारी गणों की मौजूदगी में क्षेत्र में होने वाले आगामी नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, वार्ड मेम्बर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अराजकतत्वों की सूचना थाना पुलिस को दिये जाने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये, इस दौरान उपस्थित सभी से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी व उनकी हरसम्भव मदद का भरोसा दिया गया।






## “यातायात माह” के दृष्टिगत जीजीआईसी स्कूल के बच्चों को सिखाया गया यातायात अनुशासन का पाठ, यातायात नियमों के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी-

आज दिनांक 07.11.2022 को जनपद में थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज महोबा में "सड़क सुरक्षा अभियान" के अवसर पर यातायात नियमों की जानकारी प्रदान कर जागरुक किया गया।

यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री शिवपाल सिंह द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुये बताया गया कि वाहन को निर्धारित गति सीमा में ही चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे वाहन न चलाये साथ ही उनको वाहन चलाने हेतु प्रोत्साहित न करें, शराब पीकर वाहन न चलाने आदि महत्वपूर्ण यातायात नियमों का स्वयं भी पालन करने, शीत ऋतु में पड़नें वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा अन्य लोगों को भी इनका पालन करने हेतु प्रोत्साहित करने की अपील कर पम्पलेट वितरित किये गये।

इस दौरान यातायात उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सचान, जीजीआईसी प्राचार्य श्रीमती सरगम खरे व यातायात पुलिस टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





## पुलिस की कक्षा, दी गयी सुरक्षा की शिक्षा...।

थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत स्टार सिटी पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे एकेडमिक ट्रिप पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये, इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा नन्हे होनहारों से वात्सल्य भाव से वार्ता कर बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको जागरुक किया गया ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री व फल वितरित कर उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया गया व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी.।

112 उत्तर प्रदेश आपात सेवाएं

पुलिस की कक्षा, दी गयी सुरक्षा की शिक्षा...




थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत स्टार सिटी पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे एकेडमिक ट्रिप पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये, इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा नन्हे होनहारों से वात्सल्य भाव से वार्ता कर बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको जागरुक किया गया ।
पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री व फल वितरित कर उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया गया व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी.।

@mahobapolice

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, चोरी के सामान सहित 02 अभियुक्त किये गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सघन चेकिंग अभियान के तहत थानाध्यक्ष खन्ना श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 चेतराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0स0 118/22 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश मे आये 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 1.नसीर पुत्र पीर वक्स उम्र करीब 21 वर्ष 2.अमित सिंह पुत्र शिवध्यान सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ग्राम व थाना खन्ना जनपद महोबा को तिलहन बाबा मंदिर बहद ग्राम खन्ना से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अभियोग उपरोक्त मे चोरी गये ट्रको की 04 अदद बैटरी जिसमे दो बैटरी 12 वोल्ट LIV FAST काली पिंक रंग की जिसमे पेन से 2697 लिखा है व दो बैटरी 12.57 वोल्ट EXIDE XPRESS सफेद काले रंग जिसमे पेन से कानपुर लिखा है बरामद हुआ बाद बरामदगी अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 चेतराम थाना खन्ना जनपद महोबा।
2. का0 अमन कुमार
3. का0 राजेश कुमार



## पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी, लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 07.11.2022 को पुलिस अधीक्षक आवास अवस्थित कैंप कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुये जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की अधतन स्थिति का अवलोकन कर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने/करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मां0 सीएम हेल्पलाइन/आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा लम्बित प्रार्थना पत्रों की स्थिति, लम्बित सी0एस0/एफ0आर0 की स्थिति, लम्बित विवचनाओं/प्रारम्भिक जांचों की समीक्षा, तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गयी साथ ही शेष लम्बित अभियोगों की समीक्षा कर अभियोगों के अनावरण करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र मौजूद रहे।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।






आज दिनांक **07.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम निकट पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **217** ई-चालान किये गये।









महोबा पुलिस